राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

परिपत्र

एनएचबी (एनडी)/पर्यवेक्षण विभाग/डीएमसी.02.02.2020/2019-20
02 अप्रैल, 2020

सभी पंजीकृत आवास वित्त कम्पनियाँ

महोदय/महोदया,

पर्यवेक्षण विभाग (डीओएस) को विभिन्न रिटर्न जमा करने की नियत तारीख का विस्तार

कोविड-19 महामारी के कारण आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) के सामने आने वाली कठिनाई का निवारण करने के उद्देश्य से, आवास वित्त कंपनियों (एनएचबी) के निदेश, 2010 के पैरा 46 के प्रावधानों के तहत अपनी शक्तियों के प्रयोग में राष्ट्रीय आवास बैंक, एतद् द्वारा

(i) सभी मासिक विवरणी प्रस्तुत करने की निर्धारित तिथि में विस्तार कर रहा है, जो कि निर्धारित तिथि को विवरणी प्रस्तुत करने की नियत तिथि से अन्य 15 दिन के लिए क्रमशः विस्तार है, ऐसे में विवरणी प्रस्तुत करने की नियत तिथि 30 जून 2020 तक हो जाएगी।

(ii) सभी तिमाही, अर्धवार्षिक तथा वार्षिक विवरणी प्रस्तुत करने की निर्धारित तिथि में विस्तार कर रहा है, जो कि निर्धारित तिथि को विवरणी प्रस्तुत करने की नियत तिथि से अन्य 30 दिन के लिए क्रमशः विस्तार है, ऐसे में विवरणी प्रस्तुत करने की नियत तिथि 30 जून 2020 तक हो जाएगी।

2. यह विस्तार निर्धारित अवधि के लिए और प्रावधानों का पालन करने के लिए आवास वित्त कंपनियों को विशिष्ट उद्देश्य के लिए दिया जा रहा है, और सामान्यतया या अन्यथा इन दिशा-निर्देशों में से किसी भी प्रावधान को छूट के रूप में नहीं लिया जाएगा।

3. उपरोक्त वर्णित दिनों में छुट्टियों और सप्ताहांत शामिल होंगे। उपरोक्त विस्तार उन रिटर्न / सूचनाओं पर लागू नहीं होगा जिन्हें आवश्यकता के आधार पर रिपोर्ट किया जाना है। ऐसी आवास वित्त कम्पनियाँ जो सर्वोत्तम प्रयास के आधार पर यथाशीघ्र रिटर्न जमा करने में सक्षम हैं ऐसा करना जारी रख सकती हैं।

4. इस संबंध में अन्य नियामकों / प्राधिकरणों द्वारा जारी निर्देशों का पालन किया जाएगा क्योंकि वे इनमें से किसी भी निर्देश के साथ असंगत नहीं हैं।

यह व्यवस्था भविष्य में की जाने वाली समीक्षा तक जारी रहेगी।

सादर,

ह/ -

(वी. वैदीश्वरण)
महाप्रबंधक

भारत सरकार के अंतर्गत सांविधिक निकाय
कोर 5-ए, तीसरे से पांचवां तल, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली -110003
दूरभाष : 011-3918 7000 फैक्स : 011-2464 9030
वेबसाइट: www.nhb.org.in ई. मेल : ho@nhb.org.in

Statutory Body under the Government of India
Core 5-A, 3rd to 5th Floor, India Habitat Centre, Lodhi Road, New Delhi-110003
Phone: 011-3918 7000 Fax: 011-2464 9030
Website: www.nhb.org.in E-mail: ho@nhb.org.in

"बैंक हिंदी में पत्राचार का स्वागत करता है"